प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.10.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. **प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना पोर्टल पर कंपनियों ने करीब 91 हजार दिये अवसर : पंजीकरण प्रक्रिया आज से शुरू।**
2. **नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने राजधानी लखनऊ में सीएम ग्रिड योजना के तहत वैश्विक स्तर की 7 सड़कों का किया शिलान्यास।**
3. **रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर बैंकिंग कम्पनियों और भुगतान प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान में दिव्यांगजनों की सुविधा का खास ध्यान रखने के लिये जारी किये निर्देश।**

**और**

4. **प्रदेशभर में आज श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है विजय दशमी का पर्व : गोरखपुर में मुख्यमंत्री और गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ परम्परागत शोभा यात्रा में हुए शामिल।**

———————

प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना–2024 के लिए रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया आज से शुरू हो गई हैं। यह प्रक्रिया 25 अक्टूबर तक जारी रहेगी। इस साल के केन्द्रीय बजट में घोषित की गई यह पहल युवाओं को कारोबारी माहौल में व्यावहारिक अनुभव हासिल करने में मदद के लिए 12 महीने की इंटर्नशिप प्रदान करती है। ब्यौरा हमारे संवाददाता स.......

*प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत अब तक 193 कंपनियों ने लगभग 91 हजार इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की घोषणा की है। सरकार का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में सवा लाख इंटर्नशिप अवसर प्रदान करना है। यह अवसर ऑनलाइन पोर्टल* pminintership.mca.gov.in *के माध्यम से प्रदान किए जा रहे हैं। सरकार ने पांच वर्ष के दौरान 21 से 24 वर्ष आयु वर्ग के एक करोड़ उम्मीदवारों को इंटर्नशिप उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा है। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को एक वर्ष के लिए पांच हजार रुपये मासिक पारिश्रमिक दिया जाएगा, इसके अलावा उन्हें छह हजार रुपये की एक मुश्त राशि भी दी जाएगी। इंटर्नशिप के यह अवसर 36 राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों के सात सौ 37 जिलों में उपलब्ध होंगे। यह अवसर तेल, गैस, ऊर्जा, यात्रा, आतिथ्य, वाहन, बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं जैसे 24 क्षेत्रों में मिलेंगे। अनुपम मिश्र, आकाशवाणी समाचार दिल्ली।*

——————

**राज्य के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने आज लखनऊ में सात सड़कों का शिलान्यास किया। इन मार्गो का विकास मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्टक्चर डेवलपमेंट स्कीम के तहत किया जायेगा। शहर में बनने वाली इन सड़कों पर करीब 186 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि महानगरों में वैश्विक स्तर की सड़के बनाने के लिये सीएम ग्रिड योजना लागू की गई है। योजना के तहत ऐसी सड़कों का निर्माण करना है, जो लगभग 25 वर्षो तक टिकाऊ बनी रहे।**

**बाइट......**

*सीएम ग्रिड़स योजना लाई गई है आने वाले दिनों में नगरों में बहुत ही वैश्विक स्तर की रोड़े बने जो दस साल बीस साल पच्चीस साल तक जिन्हें छूना ना पड़े। हरित हो ग्रीन हो जिनमें पॉल्यूशन का लेवल कम पड़े*

*सात सड़क एक सौ छियासी करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली है। सोलह किलोमीटर की लंबाई में एक सौ छियासी करोड़ रुपए लगने वाले है लगभग।*

———————

भारतीय रिजर्व बैंक ने बैंकों, गैर–बैंकिंग कंपनियों सहित सभी भुगतान सेवा प्रदाताओं को डिजिटल भुगतान सेवा में दिव्यांगजनों की सुविधा का ध्यान रखने का निर्देश दिया है। आर.बी.आई. ने डिजिटल भुगतान प्रणाली में दिव्यांग–अनुकूल जरूरो बदलाव करने को कहा है। रिजर्व बैंक ने इस बात पर जोर दिया है कि जरूरी बदलाव करते समय भुगतान प्रणालियों की सुरक्षा के साथ कोई समझौता न किया जाये।

———————

यूपी डायस्पोरा फोरम कल दुबई के इंडिया क्लब में उत्तर प्रदेश के मूल अनिवासियों के साथ निवेशक समागम का आयोजन कर रहे हैं। इस आयोजन में यूपी मूल के हजारों लोग इकट्ठा होंगे। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की विकास और निवेश संबंधी उपलब्धियों पर खास चर्चा की जायेगी। प्रदेश सरकार के मंत्री रवीन्द्र जायसवाल सहित कई प्रमुख लोग इसमें भाग ले रहे हैं। इस दौरान इंवेस्ट यूपी निवेशकों को पदेश में उपलब्ध निवेश के अवसर, नीतियों और दृष्टिकोण के बारे में जानकारी देगा।

—————————

बक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं। ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

विजय दशमी का पर्व आज पूरे प्रदेश में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। यह त्योहार बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में सामाजिक समरसता की प्रतीक परम्परागत विजय शोभा यात्रा में शामिल हुए। खासतौर से अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने शोभा यात्रा का शानदार ढंग से स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के आयोजन अपनी विरासत से जोड़ने का अवसर प्रदान करते हैं। बाइट.......

*आज से हजारों वर्षों पहले दुनिया ने जब सभ्यता नहीं सीखी थी दुनिया में जब मानवीय लक्षण नहीं थे तब भारत में एक सभ्य समाज निवास करता था। ये रामायण काल और वैदिक काल इस बात का उदाहरण देता है। महाभारत काल इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है और उस उदाहररण के साथ आज आप*

*अपनी विरासत के साथ जुड़ कर के विजयादशमी जैसे पर्व में। गोरखपुर में मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के राज्याभिषेक के साथ इस पौराणिक और ऐतिहासिक पृष्ठभूमि से जुड़े हुए कार्यक्रम के साथ जुड़ रहे हैं।*

**यह शोभा यात्रा हर साल गोरक्ष पीठाधीश्वर की अगुवाई में निकाली जाती है। इससे पहले श्री योगी गोरक्षनाथ मंदिर में तिलकोत्सव समारोह भाग लिया, जिसमें साधु–संतों ने श्री योगी का तिलक लगाकर सम्मान किया और नाथ सम्प्रदाय की विशेष परम्परा के अनुसार उन्हें नमन किया। इस दौरान मंदिर में विशेष पूजन भी किया गया।**

**इस बीच प्रदेश के सभी जिलों के शहरी और ग्रामीण इलाकों में बुराई के प्रतीक रावण के पुतलों का दहन किया जा रहा है। राम नगरी अयोध्या में विजय दशमी का विशेष उल्लास है। जिले के अनेक क्षेत्रों में रामलीला का मंचन हो रहा है। विवरण हमारे प्रतिनिधि से......**

*जनपद के 110 और अयोध्या धाम के साथ ही अयोध्या नगर क्षेत्र में 10 स्थान पर रामलीला का मंचन हो रहा है,आज देर शाम रावण वध की लीला का मंचन किया जाएगा,दहन के लिए रावण के पुतले का निर्माण विगत वर्षों की भांति कारीगर अजमत उल्लाह ने अपने पारिवारिक जनों के साथ किया,उनका कहना है कि इससे हमें भी एक धार्मिक परंपरा का निर्वहन करने का अवसर मिलता है,फिल्मी सितारों वाली अयोध्या की रामलीला के मंचन में इस बार सीता की मुख्य भूमिका रिया सिंघा मिस यूनिवर्स ने निभाया,जबकि विभीषण की भूमिका रजामुराद और शिव की भूमिका बिंदु दारा सिंह ने निभाया,उधर 8 किलोमीटर लंबी मां दुर्गा विसर्जन शोभायात्रा गुप्तार घाट*

*स्थित निर्मली कुंड धीरे–धीरे पहुंच रही है, जहां विसर्जन देर रात्रि तक चलता रहेगा। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार अयोध्या।*

शिव नगरी वाराणसी में भी दशहरा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। रावण के पुतलों के दहन के साथ–साथ रामचरित मानस पर आधारित नाटय प्रस्तुति भी गई है। एक रिपोर्ट........

*बनारस के रेल इंजन कारखाना में 75 फुट के रावण, 65 फुट के कुंभकरण 60 फुट की मेघनाथ के पुतला दहन को देखने के लिए काफी संख्या में भीड़ उमड़ी रही। इस आयोजन की शुरुआत में रामचरित मानस पर आधारित एक बेहद रोचक नाट्य प्रस्तुति की गई। इस अद्‌भुत कार्यक्रम में आकर्षक आतिशबाजी भी हुई जिसने, दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ मलदहिया चौराहे पर भी 35 फुट के रावण का दहन किया गया। इसी के साथ ही वाराणसी के विभिन्न स्थानों पर चल रही रामलीला का समापन भी हुआ, इन रामलीलाओं में गंगाजमुनी तहजीब का परिचय देते हुए मुस्लिम समाज के लोग भी काफी संख्या में अपना योगदान देते है। दशहरा पर्व के  समापन के साथ ही मिनी बंगाल के रूप में विख्यात काशी नगरी का नवरात्र का मेला भी समाप्त हुआ। आकाशवाणी समाचार के वाराणसी से मनीष सिंह।*

कानपुर नगर के शिवाला में लंकेश रावण का एकमात्र ऐसा मंदिर है, जो सिर्फ दशहरे के दिन ही खुलता है। सौ वर्ष पुराने इस दशानन मंदिर के कपाट सुबह खोले जाते हैं और विधि विधान से रावण का जलाभिषेक, श्रृंगार और पूजन किया जाता है।

इस बीच प्रदेश के सभी जिलों में दुर्गा प्रतिमाओं का विजर्सन शुरू हो गया है। लखनऊ में प्रतिमाओं का विजर्सन गोमती नदी के तट पर स्थित झूलेलाल वाटिका में

बनाये गये कृत्रिम कुंड में किया जा रहा है। वहीं ऐशबाग, डालीगंज, अलीगंज, महानगर, कल्याणपुर और पंतनगर रामलीला ग्राउंड में रावण के पुतलों का दहन किया जा रहा है। इस अवसर पर जगह–जगह दशहरा मेलों का भी आयोजन किया गया।

———————

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में जारी रणजी ट्रॉफी मुकाबले में आज दिन का खेल खत्म होने तक बंगाल के 311 रन के जवाब में उत्तर प्रदेश ने तीन विकेट पर 198 रन बना लिए हैं। आर्यन जुयाल 90 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं जबकि दूसरे छोर पर सिद्धार्थ यादव 20 रन के स्कोर पर खेल रहे हैं।

उधर, उत्तर प्रदेश राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय की हॉकी टीम दिल्ली में होने वाले ऑल इंडिया जवाहरलाल नेहरू हॉकी कप मुकाबले में भाग लेने के लिये कल लखनऊ से रवाना हो रही है। 15 अक्टूबर से होने वाली इस प्रतियोगिता में सीनियर डिवोजन के चार और जूनिवर वर्ग से 12 एनसीसी कैडेट्स को चुना गया है।

(समाप्त)